भारतीय ज्ञान परम्परा पर दिया व्याख्यान

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

कानोता. राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत महाविद्यालय में स्थापित भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की ओर से भारतीय ज्ञान परंपरा पर डॉ.विकास नौटियाल विभागाध्यक्ष इतिहास राजकीय महाविद्यालय पीपलू द्वारा व्याख्यान दिया गया। डॉ.विकास नौटियाल ने भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न आयामों को विभिन्न उदाहरण द्वारा विद्यार्थियों को अवगत करवाया। प्राचार्य डॉ.तौफीक हुसैन ने भारतीय ज्ञान परंपरा को विश्व की श्रेष्ठ परंपरा बताया। भारतीय ज्ञान परंपरा की नोडल अधिकारी डॉ.प्रियंका मीणा ने विद्यार्थियों को कई जानकारी दी।

06/12/2024 | Bassi | Page : 14
Source : https://epaper.patrika.com/